लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ 226007(उ.प्र.)भारत
University of Lucknow
Lucknow-226007(U.P)INDIA

दिनाँक : 04 अक्टूबर, 2021

प्रेस–विज्ञप्ति

विदित हुआ है कि प्रदेश के कतिपय जनपदों में इन्टरनेट सेवा बाधित होने के कारण उन जनपदों में अभ्यर्थी ''च्वाइस–फिलिंग'' व अपना सीट कन्फर्मेशन (BALANCE) शुल्क जमा नहीं कर पा रहे हैं। अभ्यर्थियों की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए, उ॰प्र॰ संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी॰एड॰ 2021–23 की काउंसलिंग के तृतीय चक्र (स्टेट रैंक 200001 से 350000 तक) एवम् प्रथम काउंसलिंग के प्रथम व द्वितीय चक्र के छूटे हुए अभ्यर्थियों हेतु पंजीकरण व ''च्वाइस–फिलिंग'' प्रक्रिया कर तिथि दिनांक 06 अक्टूबर, 2021 तक विस्तारित की जा रही है।

जिन अभ्यर्थियों को प्रथम काउंसलिंग के प्रथम व द्वितीय चक्र में सीट आबंटित हुई है ओर वे किन्हीं कारणों से अपना सीट कन्फर्मेशन (BALANCE) शुल्क अब तक जमा नहीं कर पाये हैं उनके लिये सीट कन्फर्मेशन (BALANCE) शुल्क जमा करने की तिथि 08 अक्टूबर 2021 तक विस्तारित कर दी गयी है। ऐसे अभ्यर्थी लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर लॉगिन कर शेष महाविद्यालय शुल्क राशि अतिशीघ्र जमा कर अपना आवंटन–सह–पुष्टिपत्र अवश्य डाउनलोड कर लें, अन्यथा ऐसे अभ्यर्थियों का सीट आबंटन निरस्त हो जायेगा। अभ्यर्थियों को अपने आबंटन पत्र तथा मूल प्रमाण–पत्रों के साथ आबंटित महाविद्यालय में तत्काल संपर्क कर रिपोर्टिंग किया जाना होगा।

अभ्यर्थियों को परामर्श दिया जाता है कि वे ''च्वाइस–फिलिंग'' प्रक्रिया में महाविद्यालय चयन के पूर्व वेबसाइट पर उपलब्ध महाविद्यालयों की सूची से अपनी पसंद के महाविद्यालयों के कोड नोट कर लें तथा उन्हें अपनी रूचि के क्रम में अधिकाधिक संख्या में भरें जिससे वे अपनी पसंद के बी॰एड॰ महाविद्यालय में प्रवेश प्राप्त कर सकें। अभ्यर्थियों को यह भी सूचित करना है कि वे अपने विकल्प सावधानी से भरें। एक बार विकल्प लॉक हो जाने पर उनमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन संभव नहीं होगा। अभ्यर्थियों को यह भी परामर्श दिया जाता है कि वे अद्यतन सूचना हेतु लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट को नियमित रूप से देखते रहें।

(प्रो॰ अमिता बाजपेयी)
राज्य समन्वयक
सयुक्त प्रवेश परीक्षा बी॰एड॰–2021